संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

आज़ादी का अमृत महोत्सव
सत्यमेव जयते
G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH•ONE FAMILY•ONE FUTURE

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

**03rd June, 2024**

**DO No. 23/News Letter/CH(IC)/2024**

Dear Colleague,

I am delighted to announce the successful migration of the CBIC ACES-GST application to the GSTN Back-Office – a move slated to enhance operational efficiency. As the adage goes, *"Efficiency is doing things right; effectiveness is doing the right things."* The successful migration embodies this principle, ensuring we continue to serve with both precision and purpose.

This was a mammoth exercise that was impossible without your hard work. I wish to thank and congratulate Team CBIC and Team GSTN for their continued support and dedication. I am confident that the transition into this new phase will be smooth and any initial challenges will be promptly addressed.

In another step to improve operational efficiency, payment of Drawback amounts into the exporters' accounts post scroll out, will be facilitated through the Public Finance Management System (PFMS) effective from 5th June, 2024. Presently, Duty Drawback claims are processed through the Customs Automated System (CAS), enumerated in a scroll/ Computerised Customs Drawback Advice (CCDA) and sent to the Authorised Bank branch along with a supporting single cheque of consolidated amount, as per the scroll, for payment of duty drawback amounts into the exporters' accounts.

I am happy to note that the Zones have been active in improving the office spaces. Scanning through the Zonal updates, I noticed that Kochi established a new canteen, Hyderabad inaugurated a new conference hall with lounge – aptly named "Manthan" and Bhopal created a new guest house. All these initiatives make the

work environment comfortable which is a *sine qua non* for better productivity of the officers.

Indian delegation headed by Member (Customs), CBIC attended the Global Supply Chain Forum 2024 in Barbados. On the sidelines of the forum, Member (Customs) joined by JS (Customs) met with Comptroller of Customs, Barbados and discussed issues related to customs assessment, risk management, compliance and enforcement, capacity development and collaboration on upcoming challenges in customs. This highlights the role of CBIC on international forums.

Officers from SIIB, JNCH, Nhava Sheva, intercepted a consignment with the declared description of bitumen. However, upon examination of the consignment, it was found that 189.6 MTs of Areca Nuts were concealed behind Bitumen Drums and the misdeclaration sought to evade duty of about Rs. 11.63 Crores. Fine detection by Nhava Sheva!

Last week, Delhi customs (P) disposed 43.5 lakh sticks of Cigarettes by way of burning in a Biotic Disposal facility at Jahangirpuri, Delhi – freeing precious storage space in the Godown and taking firm steps in the direction of नशा मुक्त भारत.

As I close, I would like to extend my heartfelt best wishes to Dr. K.N. Raghavan on his well-deserved superannuation. What you and your team achieved in NACIN Palasamudram is nothing short of a landmark, and the service fraternity will remain eternally indebted to your contribution. In the spirit of cricket, a game you deeply love, it seems befitting to reflect on your career with Harsha Bhogle's statement, "*The legacy of a cricketer is not defined by records alone but by the impact they have on the game and its future generations*". Like a seasoned captain, your leadership has left an indelible mark on the future course of our organization.

Till next week!

Yours sincerely,

**(Sanjay Kumar Agarwal)**

All Officers and Staff of the Central Board of Indirect Taxes & Customs.

संजय कुमार अग्रवाल
अध्यक्ष
Sanjay Kumar Agarwal
Chairman

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग
केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क
Government of India
Ministry of Finance
Department of Revenue
Central Board of Indirect Taxes & Customs

**03 जून, 2024**

**DO No.23/News Letter/CH(IC)/2024**

प्रिय सहकर्मी ,

मुझे CBIC ACES-GST एप्लिकेशन के GSTN Back-Office में संपन्न हुई माइग्रेशन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जोकि परिचालन दक्षता बढ़ाने के लिए एक कदम है। जैसा कि कहावत है, *"Efficiency is doing things right; effectiveness is doing the right things"* अर्थात *चीजों को सही ढंग से करना ही दक्षता है; प्रभावशीलता सही काम करने में है* । हाल ही में संपन्न माइग्रेशन इस सिद्धांत का प्रतीक है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हम सुस्पष्टता और उद्देश्य दोनों के साथ सेवा करना जारी रखें।

यह माइग्रेशन एक बहुत बड़ा अभ्यास था जो आपकी कड़ी मेहनत के बिना असंभव था। मैं टीम सीबीआईसी और टीम जीएसटीएन को उनके निरंतर समर्थन और समर्पण के लिए धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूं। मुझे विश्वास है कि इस नए चरण में परिवर्तन सफल होगा और किसी भी प्रारंभिक चुनौती का तुरंत समाधान किया जाएगा।

परिचालन दक्षता में सुधार के लिए एक और कदम में, निर्यातकों के खातों में ड्रॉबैक राशि का भुगतान स्क्रॉल आउट के बाद 5 जून, 2024 से प्रभावी पब्लिक फाइनेंस मैनेजमेंट सिस्टम (PFMS) के माध्यम से किया जाएगा। वर्तमान में, ड्यूटी ड्रॉबैक दावों को कस्टम्स ऑटोमेटेड सिस्टम (CAS) के माध्यम से संसाधित किया जाता है, जो एक स्क्रॉल/कम्प्यूटरीकृत कस्टम ड्रॉबैक एडवाइस (CCDA) में गिना गया और स्क्रॉल के अनुसार, निर्यातकों के खातों में ड्यूटी ड्रॉबैक राशि के भुगतान के लिए कंसोलिडेटेड राशि के पुष्टिकारक एकल चेक के साथ अधिकृत बैंक शाखा को भेजा जाता है।

मुझे यह जानकर खुशी हुई कि जोन कार्यालय स्थलों को बेहतर बनाने में सक्रिय रहे हैं। ज़ोनल अपडेट्स को स्कैन करते हुए, मैंने देखा कि कोच्चि ने एक नई कैंटीन की स्थापना की, हैदराबाद ने लाउंज के साथ एक नए कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन किया - जिसे उपयुक्त नाम "मंथन" दिया गया और भोपाल ने एक नया गेस्ट हाउस बनाया। ये सभी पहल कार्य वातावरण को सकारात्मक बनाती हैं जो अधिकारियों की बेहतर कार्यक्षमता के लिए अनिवार्य है।

सदस्य (सीमा शुल्क), सीबीआईसी के नेतृत्व में भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने बारबाडोस में ग्लोबल सप्लाई चेन फोरम 2024 में भाग लिया। फोरम के मौके पर, सदस्य (सीमा शुल्क) और संयुक्त सचिव (सीमा शुल्क) ने कम्पट्रोलर ऑफ़ कस्टम्स, बारबाडोस से मुलाकात की और सीमा शुल्क मूल्यांकन,

जोखिम प्रबंधन, अनुपालन और प्रवर्तन, क्षमता विकास और सीमा शुल्क में आगामी चुनौतियों पर सहयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। यह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सीबीआईसी की भूमिका पर प्रकाश डालता है।

एसआईआईबी (SIIB), जेएनसीएच (JNCH), न्हावा शेवा (Nhava Sheva) के अधिकारियों ने बिटुमेन के घोषित विवरण के साथ एक खेप को रोका। हालाँकि, खेप की जांच करने पर, यह पाया गया कि 189.6 मीट्रिक टन सुपारी को बिटुमेन ड्रम के पीछे छुपाया गया था और गलत घोषणा के माध्यम से लगभग 11.63 करोड़ रुपये के शुल्क से बचने की कोशिश की गई थी। न्हावा शेवा द्वारा उत्कृष्ट कार्य!

पिछले हफ्ते, दिल्ली सीमा शुल्क (प.) ने जहांगीरपुरी, दिल्ली में एक बायोटिक डिस्पोजल केंद्र में सिगरेट की 43.5 लाख स्टिक को जलाकर नष्ट कर दिया - गोदाम में कीमती भंडारण स्थान को खाली कर दिया और नशा मुक्त भारत की दिशा में ठोस कदम उठाए।

अपनी बात समाप्त करने से पूर्व, मैं डॉ. के.एन. राघवन को अपनी सुयोग्य सेवानिवृत्ति पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देना चाहता हूँ। आपने और आपकी टीम ने NACIN पालासमुद्रम में जो कार्य किया वह किसी उपलब्धि से कम नहीं है, और सेवा समुदाय आपके योगदान के लिए सदैव ऋणी रहेगा। क्रिकेट की भावना में, एक खेल जिसे आप बेहद पसंद करते हैं, हर्षा भोगले के कथन से आपके करियर पर विचार करना उचित लगता है, "The legacy of a cricketer is not defined by records alone but by the impact they have on the game and its future generations"। एक अनुभवी कप्तान की तरह, आपके नेतृत्व ने हमारे संगठन के भविष्य की दिशा पर एक अमिट छाप छोड़ी है।

अगले सप्ताह तक ।

भवदीय,

संजय कुमार

**(संजय कुमार अग्रवाल)**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के सभी अधिकारी और कर्मचारीगण।